वर्ष- 02 अंक- 264

छपरा

10 अगस्त रविवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# पीएम मोदी ने रक्षाबंधन पर देशवासियों को दी बधाई भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल लोगों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने भाई-बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने में इस त्योहार के महत्व पर जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ङ्ग पर लिखा, रक्षा बंधन के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**अमित शाह ने भी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं:**इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी भाई-बहन के बीच प्रेम और विश्वास के अटूट बंधन का प्रतीक रक्षा बंधन के पावन पर्व पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा, भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को समर्पित रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में आनंद और उत्साह का स्रोत बने।

**भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार हमारे भीतर रक्षा की भावना को और सुदृढ़ करे :**इसी प्रकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए पोस्ट किया, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार केवल राखी के धागे की पवित्रता का ही नहीं, बल्कि हमारी बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सुख-समृद्धि की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार हमारे भीतर रक्षा की भावना को और सुदृढ़ करे, यही ईश्वर से मेरी प्रार्थना है।



### भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल लोगों को श्रद्धांजलि दी

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ पर इसमें भाग लेने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई, जिसने अनगिनत लोगों को आजादी की तलाश में एकजुट किया। उन्होंने कहा, हम उन सभी बहादुर लोगों को गहरी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं, जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई, जिसने अनगिनत लोगों को आजादी की तलाश में एकजुट किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्माकुमारी दीदी और छोटी-छोटी बहनों से बंधवाई राखी





**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन मनाया। स्कूली बच्चों और आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारी की सदस्यों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी। यह त्यौहार भाई-बहन के पारंपरिक बंधन का उत्सव है। इससे पहले पीएम मोदी ने इस पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश भी पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर रक्षाबंधन मनाया। इस दौरान पीएम मोदी को ब्रह्माकुमारी दीदी ने राखी बांधी। इसके अलावा छोटी-छोटी बच्चियों ने भी पीएम मोदी को राखी बांधी। स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूली छात्राओं के साथ पीएम मोदी ने दिल छू लेने वाली तस्वीरें खिंचवाईं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने भाई-बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने में इस त्योहार के महत्व पर जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने x पर लिखा, रक्षा बंधन के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी को बच्चियों के साथ हंसी ठिठोली करते देखा गया। वे उनके साथ बात करते, उन्हें दुलार करते नजर आए। पीएम मोदी ने उनके साथ दिल छू लेने वाली तस्वीरें खिंचवाईं।

# भागवत बोले-दुनिया अर्थव्यवस्था नहीं भारतीय अध्यात्म को महत्व देती है

- **इसलिए हम विश्वगुरु; इकोनॉमी 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा भी हो जाए तो आश्चर्य नहीं**



**नागपुर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को नागपुर में कहा- दुनिया भारत को उसके अध्यात्म (आध्यात्मिक ज्ञान) के लिए महत्व देती है। इसी वजह से हमें विश्वगुरु मानती है। दुनिया को इस बात से मतलब नहीं है कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है। भागवत ने आगे कहा- भले ही हमारी इकोनॉमी 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो जाए, तब भी दुनिया को उसका आश्चर्य नहीं होगा। कई देश ऐसा कर चुके हैं। अमेरिका अमीर है, चीन भी अमीर बना है और कई अमीर देश हैं। कई चीजें हैं जो दूसरे देशों ने की हैं और हम भी करेंगे।

RSS चीफ ने कहा कि दुनिया के पास अध्यात्म और धर्म नहीं है जो हमारे पास है। दुनिया हमारे यहां इसके लिए आती है। इसमें जब हम बड़े बनते हैं तो सारी दुनिया हमको नमस्कार करती है और विश्वगुरु मानती है। मोहन भागवत ने इकोनॉमी को लेकर ये बातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25त्न एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के ऐलान के 2 दिन बाद कही हैं। ट्रम्प ने टैरिफ से जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए।

### मोहन भागवत की 2 बड़ी बातें...

- **हम केवल त्योहार मनाने तक सीमित न रहें-** भारत की अध्यात्म में उन्नति तब होगी, जब हम केवल त्योहार मनाने या पूजा करने तक सीमित न रहें। हमारा जीवन भगवान शिव की तरह निडर हो। उन्होंने अपने गले में सांप धारण कर लिया था।
- **हमेशा अच्छाई बांटना चाहिए-** भारत की महानता अच्छाई सभी को बांटने में है। हमारे पास जो अच्छाई है, उसे सभी के साथ साझा करना चाहिए। बुराई थोड़ी-बहुत होती है। उसे फैलाना नहीं चाहिए, बल्कि खुद में समेटकर खत्म करना चाहिए। अच्छाई को हमेशा बांटना चाहिए।

# झांसी में रेप के आरोपी ने वकील को मार डाला

बोला- खूब पैसे वसूले, लेकिन पैरवी नहीं की, इसलिए गला घोंट दिया




**झांसी,एजेंसी।** वकील साहब मेरे केस की पैरवी कर रहे थे। जिस लड़की के साथ मैंने साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, जिससे मैं शादी करने वाला था, उसी से दुष्कर्म के आरोप में मुझे सजा होने वाली थी। वकील ने मुझसे खूब पैसे लिए। लेकिन पैरवी ठीक से नहीं की। इसीलिए मैंने उनकी हत्या कर दी। यह कबूलनामा है झांसी में गुरसराय के पूर्व चेयरमैन और पूर्व ADGC भान प्रकाश सिरवारिया की हत्या करने वाले आरोपी सचिन का। उस पर नाबालिग लड़की के साथ रेप का केस चल रहा था। भान प्रकाश झांसी कोर्ट में सचिन की पैरवी कर रहे थे।

इस मामले में 19 सितंबर को आरोपी को सजा होने वाली थी। इससे नाराज होकर उसने घर में घुसकर उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी। 5 अगस्त को उनका शव घर में मिला। पुलिस पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था।

SSP बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया- शुरुआती जांच में सामान्य मौत लग रही थी, लेकिन पोस्टमॉर्टम में गला घोंटने की बात सामने आई। इसके बाद जांच शुरू की गई। पड़ोसी और जान-पहचान वालों से पूछताछ में पता चला कि सचिन का दो दिन पहले उनसे झगड़ा हुआ था।

# सुप्रीम कोर्ट में एअर इंडिया सिक्योरिटी ऑडिट मांग वाली याचिका खारीज

बेंच ने पूछा- सिर्फ एअर इंडिया ही क्यों, अन्य एयरलाइनों की सुरक्षा का क्या होगा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एअर इंडिया की सुरक्षा और रखरखाव मानकों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने स्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने और आईसीएओ (IOAO) से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से एअर इंडिया की फ्लीट का ऑडिट कराने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- सिर्फ एअर इंडिया ही क्यों? अन्य एयरलाइनों की सुरक्षा का क्या? एक दुखद हादसे के आधार पर किसी एक एयरलाइन को निशाना बनाना ठीक नहीं है और यह न लगे कि आप किसी निजी एयरलाइन के हित में हैं।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सलाह दी कि वह पहले डीजीसीए (DGCA) या केंद्र सरकार से संपर्क करें और यदि वहां से कोई समाधान न मिले, तभी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम भी हर हफ्ते यात्रा करते हैं और स्थिति जानते हैं। यह एक त्रासदी थी, बेहद दुर्भाग्यपूर्ण। यह किसी एयरलाइन की आलोचना करने का समय नहीं है। 12 जून को दोपहर 1.38 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान 171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर) मेघाणीनगर में आईजीपी कंपाउंड में क्रैश हो गया था। विमान में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में रमेश विश्वास नाम का एक व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया। इसके अलावा, डॉक्टर्स हॉस्टल अतुलयम, जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, के एक इंटर्न डॉक्टर, कर्मचारी और स्थानीय लोग मारे गए।

# राहुल के रात्रिभोज में उद्धव को अंतिम पंक्ति में बैठाने पर बवाल; शरद पवार बोले- यह विवाद अनावश्यक



**मुंबई,एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखिया उद्धव ठाकरे को लेकर छिड़े विवाद को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने इस विवाद को बुतुका और गैर-जरूरी बताया है। दरअसल, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आवास पर गुरुवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के लिए एक डिनर पार्टी आयोजित की गई थी। इस दौरान उद्धव भी वहां मौजूद थे। तस्वीरों में उन्हें अंतिम पंक्ति में बैठा दिखाया गया। सोशल मीडिया पर यह तस्वीर वायरल हो गई। इसे लेकर सियासी घमासान छिड़ गया। कई लोगों ने इसे शिवसेना और महाराष्ट्र का अपमान बताया। इस पर शरद पवार ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से आयोजित रात्रिभोज में उद्धव ठाकरे को अंतिम पंक्ति में बैठाने पर विवाद अनावश्यक है।

### वोट चोरी पर क्या बोले?

शरद पवार ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वोट चोरी वाला आरोप अच्छी तरह से शोध और दस्तावेजों पर आधारित था। इस मामले की जांच करना चुनाव आयोग (ईसीआई) का काम है। नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शरद पवार ने स्वीकार किया कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी को महाराष्ट्र में चुनाव से पहले अधिक सावधान रहना चाहिए था। उन्होंने कहा, हमें पहले ही इस पर गौर करना चाहिए था और सावधानी बरतनी चाहिए थी।

### राहुल ने क्या आरोप लगाया था?

दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को एक संस्थागत चोरी बताया है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग गरीबों के मताधिकार को छीनने के लिए इस चोरी को अंजाम देने के लिए भाजपा के साथ खुलेआम मिलीभगत कर रहा है।

### उद्धव मामले पर कही यह बात

वरिष्ठ नेता ने इस बात पर अफसोस जताया कि राहुल गांधी की ओर से आयोजित रात्रिभोज में शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बैठने का मुद्दा एक अनावश्यक विवाद बन गया है। उन्होंने कहा, एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन था। जब हम स्क्रीन पर कोई फिल्म देखते हैं, तो हम आगे नहीं, बल्कि पीछे बैठते हैं। फारूक अब्दुल्ला और मैं पीछे बैठे थे। इसी तरह उद्धव ठाकरे और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी प्रेजेंटेशन ठीक से देखने के लिए पीछे बैठे थे।

# कुलगाम में 2 जवान शहीद:1 अगस्त से जारी ऑपरेशन अखल



**कुलगाम,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में जारी एनकाउंटर में दो जवान शहीद हो गए। शुक्रवार को कुल चार जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह की मौत हुई। शनिवार सुबह यह जानकारी आई। ऑपरेशन अखल 1 अगस्त से जारी है। आज इसका नौवां दिन है। इसमें 2 अगस्त को 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी। जबकि अब तक 9 जवान घायल हो चुके हैं। इनमें से ही दो की मौत हुई है।

2 अगस्त की सुबह मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई थी, जो C-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से AK-47 राइफल, मैगजीन और गोला-बारूद बरामद हुआ था।

ऑपरेशन अखल को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और CRPF अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है।

**1 अगस्त- सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की :**एक अधिकारी ने बताया था कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद 1 अगस्त की शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू की थी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसका आंकड़ा साफ नहीं है।

## ऑपरेशन सिंदूर : वायुसेना प्रमुख बोले-पाक के 5 जेट गिराए थे

### दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया, तबाह आतंकी ठिकानों की तस्वीरें सबके सामने



**बेंगलुरु,एजेंसी।** इंडियन एयर फोर्स चीफ एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ। हमने उनके पांच लड़ाकू विमान मार गिराए थे। एपी सिंह ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में इस बात की पुष्टि की। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार काम किया है। S-400 सिस्टम जिसे हमने हाल ही में खरीदा था, यह गेम-चेंजर रहा है। पाकिस्तान के पास लंबी दूरी के ग्लाइड बम थे लेकिन वे उनमें से किसी का भी इस्तेमाल नहीं कर पाए क्योंकि वे एयर डिफेंस को भेद नहीं सके। एपी सिंह ने आगे कहा पाकिस्तान के बहावलपुर में हमले के पहले और बाद की तस्वीरें सबके सामने हैं। वहां कुछ नहीं बचा था। ये तस्वीरें न सिर्फ सैटेलाइट से ली गईं। बल्कि लोकल मीडिया ने भी तबाह हुई बिल्डिंग की अंदर की तस्वीरें दिखाईं थीं। एपी सिंह बेंगलुरु के HAL मैनेजमेंट अकादमी ऑडिटोरियम में एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर के 16वें सीजन को संबोधित कर रहे थे।

**सेना को खुली छूट दी गई थी-** सफलता का एक प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। हमें खुली छूट थी। अगर कोई बाधाएं थीं, तो वे खुद की थीं। हमने तय किया कि कितना आगे बढ़ना है। हमें योजना बनाने और उसे लागू करने की पूरी आजादी थी। तीनों सेनाओं के बीच कोऑर्डिनेशन था। CDS के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। वह हमें एक साथ लाने के लिए मौजूद थे।

# शाह के दौरे से 2026 के चुनावों के लिए भाजपा के राजनीतिक अभियान की होगी शुरुआत, बोले सीएम हिमंत सरमा



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य के दौरे पर आएंगे और अगले साल होने वाले असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से राजनीतिक विमर्श तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह बात कही है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह के दौरे के 10 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य का दौरा करने वाले है और भाजपा की असम इकाई दोनों यात्राओं की सफलता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। सरमा ने शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में दो हाई-प्रोफाइल यात्राओं के लिए एक तैयारी बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को आएंगे और गुवाहाटी में नवनिर्मित राजभवन का उद्घाटन करेंगे। सरमा ने बताया कि दिन के दूसरे कार्यक्रम में शाह एनडीए के हाल ही में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन में शामिल होंगे। शाह शाम को राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा के जन्म शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। असम के मुख्यमंत्री ने बताया किशाह का दौरा महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में चुनाव छह से सात महीने बाद होने वाले हैं। सरमा ने कहा, चुनावों से पहले अमित शाह जी का पंचायत प्रतिनिधियों को दिया जाने वाला भाषण महत्वपूर्ण होगा। उस दिन से राजनीतिक विमर्श निर्माण की प्रक्रिया निश्चित रूप से शुरू हो जाएगी। भाजपा और उसके सहयोगी दल अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की कोशिश करेंगे।

# '40 फीट ऊंचे मलबे में जिंदगी की उम्मीद मुश्किल'

### रास्ता अब भी बंद, पत्नी-बेटे को तलाश रहे विमल बोले- बस धराली पहुंचा दो





**उत्तरकाशी,एजेंसी।** 'पत्नी ने फोन पर घबराते हुए कहा- पहाड़ टूट गया है, धरती हिल रही है। हम जान बचाने के लिए जंगल की ओर भाग रहे हैं। 5 अगस्त को हुई इस बातचीत के बाद से अब तक पत्नी और बच्चे से कोई बात नहीं हुई। न ये पता चल रहा कि वो कहां है और उनके साथ क्या हुआ।'

उत्तरकाशी के धराली में रहने वाले 50 साल के विमल कुमार सिंह आपदा के वक्त उत्तरकाशी गए थे। वो घर लौट पाते, उससे पहले धराली में आपदा आ गई। अब वे घर पर मौजूद पत्नी और 22 साल के बेटे की तलाश कर रहे हैं। न फोन लग रहा और न धराली तक पहुंचने का कोई रास्ता है। वो मातली के ITBP कैंप में रोज रेस्क्यू किए जा रहे लोगों की लिस्ट में अपनों के नाम तलाश रहे हैं।

धराली में आपदा को 5 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक रोड कनेक्टिविटी नहीं हो सकी है। लिहाजा हैवी मशीनें रेस्क्यू के लिए पहुंच नहीं पा रही हैं। यहां जमा मलबा करीब 40 फीट ऊंचा है। बिना हैवी मशीनों के इसे हटा पाना मुमकिन नहीं। इसीलिए रेस्क्यू रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। NDRF के अफसर का मानना है कि अब यहां किसी के जिंदा होने की उम्मीद न के बराबर है।

**पत्नी और बेटे की तलाश, ITBP कैंप में लिस्ट खंगाल रहे :**उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से धराली की कुल दूरी 84 किमी है, लेकिन अब तक सिर्फ गंगनानी तक 50 किमी का रूट ही क्लियर हो सका है। गंगनानी का पुल पूरी तरह बह चुका है। इसे बनाने का काम चल रहा है, लेकिन वो अभी पूरा नहीं हो सका है। लिहाजा मातली के ITBP कैंप से हेलिकॉप्टर के जरिए पूरा रेस्क्यू रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

अपने लापता परिजन की तलाश करते हुए कई परिवार ITBP कैंप पहुंच रहे हैं। बीतते वक्त के साथ अपनों को खोने का डर बढ़ता जा रहा है। लोग रोज रेस्क्यू किए जाने वाले लोगों की लिस्ट खंगाल रहे हैं। धराली के रहने वाले विमल कुमार सिंह उन्हीं में से एक हैं।

विमल को पत्नी पूनम (45 साल) और बेटे अनीस से ही आपदा की खबर मिली। बस उस वक्त की बातचीत के बाद पत्नी और बच्चे से अब तक उनकी बात ही नहीं हो सकी है। न ही ये पता चल पा रहा है कि वो कहां-किस हाल में हैं।अब विमल हर रोज ITBP कैंप आते हैं और रेस्क्यू किए गए लोगों की लिस्ट में उनका नाम तलाशते हैं। पुलिस के लोग उन्हें ढांढस बंधाते हैं कि चिंता मत करो, वो जल्दी मिल जाएंगे। धराली और हर्शिल में बिजली आ गई, मोबाइल नेटवर्क भी ठीक हो गया, लेकिन अब तक पत्नी से बात न हो पाना विमल की चिंता बढ़ा रहा है।

**मुझे धराली पहुंचा दो, पत्नी-बेटे को मैं खुद ढूंढ लूंगा :**विमल किसी भी तरह धराली पहुंचना चाहते हैं, ताकि पत्नी और बच्चे की तलाश कर सकें। वे कैंप में ही झल्लाते हुए कहते हैं, 'बस मुझे धराली पहुंचा दीजिए, मैं अपने परिवार वालों को तलाश लूंगा। अपने हाथ से खुदाई करके उनको निकाल लाऊंगा। बस मुझे धराली ले चलो।'

वे आगे कहते हैं, 'हमें कम से कम कोई ये तो बताए कि वो सेफ हैं या नहीं। क्या पता वो कहीं जंगल में फंसे हों और उनके पास खाने-रहने की जगह भी न हो।'

# अगस्त क्रांति दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया नमन

**नित्यानंद/दरियापुर/छपरा।** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर शहर के डाकबंगला रोड स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मारक परिसर में जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग एवं प्रबुद्ध कांग्रेस जनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्र के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।दरियापुर के कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तरुण कुमार तिवारी ने सारण के वीर सेनानियों के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के समय परसा, अमनौर, गरखा, दिघवारा, सोनपुर सहित पूरे जिले में अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई थी। गांधीजी के आह्वान पर समूचा सारण आजादी की अलख जगा रहा था और स्वतंत्रता प्राप्ति तक यहां के वीरों की गौरवगाथा निरंतर गूंजती रही। उन्होंने कहा कि आज हम सब अपने महान राष्ट्रभक्त पूर्वजों के त्याग और बलिदान के बल पर स्वतंत्र हैं, इसलिए हमें




समय-समय पर उन्हें याद करना चाहिए।कार्यक्रम में नेहरू स्मारक के अध्यक्ष रमेश यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शिवपुजन राय, ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष हरेश यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार धर्म, वरीय नेता केदारनाथ सिंह, रामनारायण यादव, सरोज कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बनियापुर प्रखण्ड में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन, बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी



**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)।** बनियापुर प्रखण्ड के सभी पंचायतों में रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। पिरोता बेरूई, बड़ोपुर, सिहोरिया, साहितपुर सहित प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में भाई-बहन के प्रेम का यह पर्व उत्साह से मनाया गया।बहनों ने भाई की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने भाई के हाथों की कलाई पर राखी बांधी और मनपसंद मिठाई खिलाई। इससे पहले बहनों ने भाई की आरती उतारकर उनका तिलक किया।रक्षाबंधन, जिसे राखी भी कहा जाता है, श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। यह राखी भाई की सुरक्षा और कल्याण के लिए एक पवित्र धागा माना जाता है।

यह त्योहार केवल भाई-बहन का पर्व ही नहीं है। यह रक्षा, प्रेम और विश्वास की गहराई से जुड़ी परंपरा है। श्रीकृष्ण-द्रौपदी, लक्ष्मी-राजा बलि और रानी कर्णावती-हुमायूं की कथाएं इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को दर्शाती हैं। हर युग में राखी ने रिश्तों को मजबूती दी है।

## तरैया में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** सावन मास के उत्तरार्ध में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐडमेरिट क्लासेज, तरैया में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक सोनू कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी छात्राओं में ब्यूटी, करिश्मा, अंजली, गुड़िया, कोमल, रानी, प्रीति, नंदनी, मुस्कान, अमृता, खुश्बू, सुमन, रेणु आदि ने अपने साथियों के हाथों पर आकर्षक और मनमोहक डिजाइन की मेहंदी लगाई। संस्था की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष पुरस्कार तथा शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ाना था।

## मशरक में चाकूबाजी में आधा दर्जन लोग जख्मी, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में चाकूबाजी में घायल 6 लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों में तरैया थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव निवासी लालबाबू गिरी की 52 वर्षीय पत्नी अनिता गिरि, भगवान गिरि का 17 वर्षीय पुत्र सोनू गिरि और सच्चिदानंद गिरि की 45 वर्षीय पत्नी उमा कुंवर, सिगन महंतों की 65 वर्षीय पत्नी सवरिया देवी, विकास महंतों की 25 वर्षीय पत्नी नेहा देवी और इसुआपुर थाना क्षेत्र सहवा गांव निवासी पंकज महंतों की 40 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों ने बताया कि गांव में एक पागल शख्स कही से पहुंचा और एक बच्चे को चाकू मार दिया उसी में बचाने गये लोगों को भी चाकू मार घायल कर दिया। सभी घायलों की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया है।

## पिरौटा खास पंचायत में घर का ताला तोड़ एक लाख के आभूषण और 50 हजार नकद चुराए

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)।** पिरौटा खास पंचायत के दाह गांव में चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये मूल्य के आभूषण और पचास हजार रुपये नकद चुरा लिए। पीड़िता मानती देवी ने बताया कि उन्होंने यह धन अपने बेटे की शादी के लिए इकट्ठा किया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वह घर में सो रही थीं। रात लगभग दो बजे घर में किसी के घुसने की आवाज सुनकर उनकी नींद टूट गई।जब वह कमरे से बाहर आईं तो देखा कि घर का सामान यहां-वहां बिखरा हुआ था। यह देखकर वह सन्न रह गईं और चीख-पुकार मचाने लगीं। इसके बाद आस-पास के लोग जागे। जब पीड़िता ने घर में रखे सामान की जांच की तो पाया कि चोरों ने एक सोने का हार, मंगलसूत्र, दो सोने की जितिया, दो झुमका, दो मेहंदी छाला, एक सोने की मांगटीका के साथ पचास हजार रुपये नकद चुरा लिए थे। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में चोरों की तलाश जारी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार, सांसद सिग्रीवाल ने राखी बंधवा कर दी शुभकामनाएं



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।**प्रखंड क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।दिनभर लगभग हर घर मे बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी,तिलक लगाया और मिठाइयां खिलाई।भाइयों ने उन्हें भी उपहार दिया।

महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने प्रखंड के नूरनगर ग्राम में अपनी बहन से राखी बंधवाई और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है।इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना करती है। यह भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश की जनता को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा सारण पश्चिम के सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, समाजसेवी श्रीकृष्णा सिंह,प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय भी थे।

## विश्व हिंदू परिषद ने सेवा बस्ती में रक्षा-बंधन का किया कार्यक्रम, 6 वां स्थापना पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के अंतर्गत नई बाजार दलित सेवा बस्ती में रक्षा-बंधन हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। अरुण पुरोहित धर्म प्रसार जिला प्रमुख ने कहा विश्व हिंदू परिषद का 61 वां स्थापना पखवाड़ा का शुभारंभ आज रक्षाबंधन के कार्यक्रम से किया गया। वहां उपस्थित सभी बच्चों एवं महिलाओं को सनातन धर्म में रक्षाबंधन के पवित्र बंधन के विषय में बताया गया। जहां हम एक ओर भाई, बहन की रक्षा करते हैं वही समाज के संपन्न लोग को कमजोर वर्ग की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। देश की रक्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों की रक्षा करनी है। वृक्ष में रक्षा सूत्र बांध के संकल्प कराया गया। अवध किशोर मिश्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सारण विभाग प्रमुख ने बच्चों से भारत माता की जय ,सनातन धर्म की जय उद्घोष कराया। एक्टर वैष्णवी ने सभी बच्चों को राखी बांधी। इस अवसर पर समाज सेवी सुभाष राय उर्फ झरीमन राय, पारसनाथ अधिवक्ता, मनोज कुमार ,विकास यादव, कृष्ण कुमार वैष्णवी, अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक, एक्टर वैष्णवी,राजेश गुप्ता, संजय पुरोहित, संजय राम राजेश राम वगैरह उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया एवं मिठाई बाटकर उत्सव मनाया। अरुण पुरोहित ने वैष्णवी के साथ मिलकर राजेंद्र स्टेडियम के पास दलित बस्ती में जाकर राखी बांधी तथा शिशु पार्क में वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प कराया ।

## बेटी की सत्तइसा में घर आए पिता की चाकू गोद कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव में शुक्रवार की रात्रि में एक व्यक्ति की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। मृतक चंचलिया गांव निवासी मुन्ना दुबे का 25 वर्षीय पुत्र अमित दुबे बताया गया है। जो की पटना मेट्रो में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और दो दिन पूर्व ही अपनी 8 माह की बेटी की सत्तइसा में घर आया हुआ था। बताया जाता है कि आपसी रंजिश व पूर्व के विवाद को लेकर गांव के ही एक अपराधी प्रवृति के युवक द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हैं। घटना शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे की बताई गई है, जब अमित के घर के सभी सदस्य खाना खाकर घर में सोने जा रहे थे उसी दौरान आरोपी युवक आया और अमित को घर से बाहर बुलाकर बात-चीत करने लगा। इसी दौरान किसी बात विवाद में आरोपी ने अमित को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वहां से फरार हो गया। घटनास्थल पर खून से लथपथ पड़े अमित को परिजनों व आसपास के लोगों ने गंभीर अवस्था में लेकर रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अमित को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। छपरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही अमित की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे एवं पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज कर जांच एवं आगें की कार्रवाई में जुट गए। वहीं सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी संजय कुमार भी शनिवार की सुबह मृतक के घर पहुंचे एवं घटना के बारे में पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज किया। इधर पुलिस ने मृतक के शव का अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना के बाद मृतक की पत्नी अपने दूधमुही बच्ची के साथ चीत्कार मार-मारकर रो रही थी। वही मृतक की मां उर्मिला देवी, पिता मुन्ना दुबे समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर पुलिस मामले में प्राथमिक की दर्ज करते हुए आरोपी पक्ष के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।



## श्री कृष्ण झूलनोत्सव में झांकी का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** रसूलपुर स्थित बाबा दुर्गेश्वरनाथ शिवमन्दिर में हो रहे पांच दिवसीय झूलनोत्सव में चौथे दिन भक्ति झांकी का आयोजन किया गया. उत्तरप्रदेश के कुशीनगर से आए विवेक झांकी ग्रुप ने बहुत हीं शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. झांकी में महादेव जी, हनुमान जी एवं राधा - कृष्ण के स्वरूप का दर्शन कराया गया एवं भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया. इस कार्यक्रम में समाजसेवी व व्यवसायी मुरली सोनी, उपमुखिया मनोज सोनी, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, मंदिर के पुजारी खीरू बाबा, अमर श्रीवास्तव, प्रभु पटवा, पिंटू श्रीवास्तव, चप्पू चौरसिया, सोनू दुबे, शिवम तिवारी, मन्नू मिश्रा, तथागत दुबे एवं पूजा समिति के सभी सदस्यों सहित हजारों दर्शक मौजूद थे।



## 90 वर्षीय बहन सोमारो भी नैहर पहुंच 80 वर्षीय भाई को राखी बांध खिलायी मिठाई



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** भाई बहन के अटूट प्रेम पर उम्र भी पराजित दिखा. जब नब्बे वर्षीया एक वृद्ध बहना भी 80 वर्षीय एक भाई को राखी बांधने अपने मैके पहुंच गई. यह मनोहारी दृश्य रसूलपुर थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव में दिखा. 90 वर्षीया सोमारो देवी अपने ससुराल सिवान जिले की हसनपुरा एम एच नगर थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर से चलकर मैके पहुंची और अपने 80 वर्षीय व 70 वर्षीय भाइयों को रक्षा सूत्र हाथों में बांधी ,मिठाई खिलायीं और दीर्घायु होने की मंगलकामना की. वृद्ध बहन सोमारो का कहना था कि जब तक वो स्वस्थ रहेंगी अपने भाइयों के दीर्घायु होने की कामना के लिए मैके आकर राखीं बांधती रहेंगी. वे करीब 70 वर्षों से अपने भाइयों को रक्षा बंधन के दिन आकर राखी बांधती आ रही हैं.

## विभिन्न गावों मे भाई बहनो के प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन धूम धाम से मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखण्ड के मांझी नगर पंचायत ताजपुर महम्मदपुर सिंगही भजौना गोबरही सहित प्रखण्ड के विभिन्न गावों मे भाई बहनो के प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन शनिवार को धूम धाम से मनाया गया। बहनो ने भाई की लम्बी आयु व स्वस्थ जीवन की कामना के साथ साथ भाई के हाथो की कलाई पर राखी बांधकर मनपसंद मिठाई खिलाई। इससे पहले भाई की आरती उतारकर उनका तिलक किया। इस महान पर्व के बारे मे बताया जाता है की रक्षा बंधन, जिसे राखी भी कहा जाता है, एक लोकप्रिय त्योहार है जो भाई-बहन के बीच प्रेम और सुरक्षा के बंधन का जश्न मनाता है। यह त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं, जो भाई की सुरक्षा और कल्याण के लिए एक पवित्र धागा होता है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं, बल्कि रक्षा, प्रेम और विश्वास की गहराई से जुड़ी परंपरा है. श्रीकृष्ण-द्रौपदी, लक्ष्मी-राजा बलि और रानी कर्णावती-हुमायूं की कथाएं इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को दर्शाती हैं. कुल मिलाकर कहें तो हर युग में राखी ने रिश्तों को मजबूती दी है।

## संस्कृत संस्कार का मूल है- डॉ. गजानन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारतेश्वरी मारवाड़ी संस्कृत महाविद्यालय छपरा में संस्कृत दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।महाविद्यालय परिवार, छात्र छात्राओं एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिती रही। प्राचार्य डॉ0गजानन पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने एवं सर्व सुलभ बनाने हेतु प्रत्येक मुहल्लों में शिविर के माध्यम से जागरुकता हेतु कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय परिवार द्वारा किया जा रहा है।समुन्नत समाजके निर्माण का आधार संस्कारहै और संस्कार संस्कृत से ही संपुष्ट होता है।युवा ब्राह्मण चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ0सुभाष पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत ही एकमात्र ऐसी भाषा है जिसे सभी भाषाओं की जननी कहा गया है।यह भाषा भारतीय प्राचीन ज्ञान और विज्ञान को जानने और समझने के लिए आवश्यक है।संस्कृत शोधार्थी राहुल भारद्वाज ने कहा कि संस्कृत भाषा ज्ञान ,संस्कार,

आध्यात्मिकता,दैविक के साथ साथ भौतिक सुखों को प्रदान करने वाली रोजगार परक भाषा है।अतः युवा वर्ग को इसे अवश्य ग्रहण करना चाहिए। महाविद्यालय के वेद प्राध्यापक डॉ0विनय कुमार मिश्र ने संस्कृत के पौराणिक और वैदिक महत्व पर प्रकाश डाला।शास्त्री की छात्रा सगुन भारद्वाज ने संस्कृत स्वागत गीत से आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया।धन्यवाद ज्ञापन पंडित संजय पाठक ऊर्फ बुलाकी बाबा ने दिया।संगोष्ठी को पंडित श्यामसुन्दर मिश्र,पंडित अन्जनी कुमार मिश्र, पंडित मनीष कुमार पाण्डेय, पंडित सोनू तिवारी शाण्डिल्य,सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।यह जानकारी युवा ब्राह्मण चेतना मंच के मीडिया प्रभारी पंडित राजू रंजन तिवारी ने दिया।

## त्वरित कार्रवाई : अपहृत को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** शुक्रवार की देर शाम ताजपुर बाजार से ई रिक्सा पर सवार होकर अपने घर ड्यूमाईगढ़ लौट रहे युवक् को बोलेरो सवार अपराधकर्मियों ने बल पूर्वक उतारकर अपहृत कर लिया। अपहृत युवक माँझी के ड्यूमाईगढ़ गांव निवासी सुजीत कुमार बताया जाता है। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया की घटना की सूचना सुजीत कुमार के भाई द्वारा मांझी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना के आलोक मे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर घटना मे प्रयुक्त बोलेरो को बरामद कर लिया गया तथा अपहृत सुजीत कुमार को भी कुछ ही घण्टे में बलिया जनपद से बरामद कर लिया गया। इसमें दो अप्राथमिकी अभियुक्त क्रमशः मुखिया यादव पिता गौतम यादव तथा झूमन यादव पिता काशीनाथ यादव दोनों ग्राम गोपालपुर थाना रेवती जनपद बलिया निवासी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही पांच अन्य प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया की पांच अभियुक्तों मे से चार को शराब कारोबारी के रूप में चिन्हित किया गया है,जिनपर शराब के कई कांड पूर्व से ही दर्ज है। घटना में नाव चालक को भी अभियुक्त बनाया गया है। उसी की नाव पर बैठा कर अभियुक्तों द्वारा युवक को अपहृत कर नदी के उस पार बलिया जनपद ले जाया गया था।बरामद युवक से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

## श्रावण पूर्णिमा पर डेरनी गायत्री शक्तिपीठ में 12 घंटे का जप अनुष्ठान संपन्न

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** डेरनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में शनिवार को श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक पूर्णिमा की भांति 12 घंटे के जप अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 3-45 बजे आश्रम परिसर की साफ-सफाई से हुई। 4-30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कर्मकांड प्रारंभ हुआ।सुनीता देवी को 5-48 बजे बारह घंटिये जप अनुष्ठान का संकल्प दिलाया गया। अनुष्ठान की विधि में गुरु वंदना, साधनादि पवित्रिकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, गुरु आवाहन, गायत्री आवाहन, सर्वदेव आवाहन, सर्वदेव नमस्कार एवं स्वस्तिवाचन शामिल रहे। वैदिक कर्मकांड का संचालन किया गया। इस दौरान समस्त शिष्यों ने बारी-बारी से जप अनुष्ठान में भाग लिया। संध्या 6 बजे दीपयज्ञ के साथ अनुष्ठान की पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमारी देवी, मंजू देवी, दौलतिया देवी, कौशल्या देवी, रीता देवी, रानी देवी और राकेश प्रसाद मौजूद रहे।

# सोनपुर बाढ़ क्षेत्र में भाजपा नेता राकेश सिंह ने राहत सामग्री का किया वितरण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर (सारण)।** सोनपुर विधानसभा 122 के सबलपुर दियारा छेत्र के सबलपुर नवल टोला सबलपुर माध्यवती पंचायत सबलपुर पूर्वी और उत्तरी पंचायत अतिपिछड़ा टोला मे बाढ़ पीड़ित परिवार के बीच मे बाढ़ राहत सामग्री चिवराङ्कगुड़, बिस्कुट आदि का सोनपुर विधानसभा भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह द्वारा बड़ी संख्या में लोगों के बीच में राहत सामग्री वितरण किया गया। जहां इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष धनजय शर्मा, युवा समाजसेवी अनुपम कुमार, चन्दन, पवन शर्मा, सुमित शर्मा, धीरज राय, शिवम शर्मा, बिरजू पासवान सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर उन्होंने ने कहा की यह जनसेवा की प्रेणा हमें सांसद राजीव प्रताप रूडी से मिली जो हमेशा जनहित के कार्य



करते रहते है और उन्होंने सोनपुर सिविल एसडीओ और सोनपुर अंचल अधिकारी से बात कर लोगों के साहयता और भोजन की व्यवस्था के लिए कम्युनीटी किचेन खोलने की बात कही। जिस पर एसडीओ ने भरोसा दिलाया की शनिवार शाम तक हर हाल मे खुल जायेगा। मौका पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष दिपक शर्मा एवं अन्य कई लोगों ने स्थानीय विधायक की उदासीनता को लेकर कहा कि लोग बाढ़ में त्रस्त है, वह अभी तक देखने तक नहीं आये। वहीं जहां रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर सभी नेता अपने परिवार के साथ है, राकेश सिंह सबलपुर में बाढ़ पीड़ित को साथ उनका दर्द को देखते हुए पूरे दिन राहत सामग्री के साथ वितरण किया और कहा कि आगे भी जनता के सुख दुख में साथ रहूंगा।

# संठा के प्रसिद्ध महाबीरी पूजा धुमधाम से सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गरखा प्रखंड अंतर्गत मौजमपुर पंचायत के संठा में महावीरी पूजा धूमधाम से सम्पन्न हर घर से झंडा एवं प्रसाद चढाने का प्रचलन आज भी कायम है। जिले के गरखा प्रखंड के मौजमपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम संठा के महावीर मंदिर में शनिवार को वार्षिक भव्य पूजा की गई। वार्षिक पूजा को ले मंदिर परिसर तथा गांव के रास्ते पर दिनभर मेला लगा रहा । वहीं इस पूजा में दूर दराज से संठा एवं आसपास के गांव के घरो में लोग इस पूजा को देखने के लिए आए हुए थे। गौरतलब है कि इस पूजा में गरखा प्रखंड के अलावे विभिन्न प्रदेशों से भी श्रद्धालु यहां आकर अपनी मन्नते पूरे होने पर मंदिर परिसर में ध्वज लगाने का संकल्प लेते हैं। और मन्नत पुरी होने के बाद मंदिर परिसर मे ध्वज लगाते हैं,और यह ध्वज हजरों मे होता है।गांव के लोग कहते हैं कि यह वार्षिक पूजा श्रावण माह के अंतिम मंगलवार या शनिवार को ही चढ़ती है और यह परंपरा लगभग 300 वर्षों से जारी है। इस संबंध में गांव के मदन राय, रामबिनोद राय तथा मुन्द्रिका सिंह बताते हैं कि लगभग 300 वर्ष पूर्व गांव के किसी व्यक्ति को बाढ़ में हनुमान जी की मूर्ति मिली थी और उन्हीं के द्वारा महावीर जी स्वप्न में मंदिर स्थापित करने को बोले थे। तब से यह परंपरा चली आ रही है।गांव के युवा एवं बुजुर्ग इस पूजा में बढ़ चढ़कर भाग लेते है तथा पूजा में आए लोगो को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखते है। यहां के लोगों में महावीर जी की आस्था इतनी है जिसका अंदाजा आप मंदिर परिसर में लगे ध्वज से लगा सकते हैं। जिले में इस तरह का भगवान महावीरजी की पूजा चर्चा का विषय है। सालों साल इस पूजा का महत्व और प्रचार बढते जा रहा है । इस वर्ष बाढ़ के कारण चारों तरफ बाढ का पानी से घिरा होने के बाद भी श्रधालूओं का उत्साह कम नही हुआ और हजारों की भीड़ लगी रही।

# रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस पर वृक्षबंधन कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वाधान में रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को एनवायरनमेंट वॉरियर्स, छात्रों तथा स्वयंसेवकों के द्वारा वृक्षों को राखी बांधा कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयोजक संजय कुमार और निशांत रंजन ने कहा कि कई कारणों से पेड़ों को काटा जा रहा है. पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की भूमिका अहम् है ऐसे में वृक्षों की रक्षा के लिए राखी बांधा कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना हमारा कर्तव्य बनता है। मौके पर एनवायरनमेंट वॉरियर्स की निदेशक डॉ निशान्धिता राज ने बताया कि आज रक्षाबंधन तथा बिहार पृथ्वी दिवस एक ही दिन है, पेड़ हमारे सबसे बड़े रक्षक है, इसलिए आज के अवसर पर आम लोगों को उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वृक्षबंधन का आयोजन किया गया है। पेड़-पौधों से हमारा जीवन संभव हो पाया है, इसलिए सर्वप्रथम इन्हें धन्यवाद देने तथा इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। पेड़ों को राखी बांधना एक सांकेतिक पहल है, जो मनुष्य और वृक्षों की हजारों साल पुरानी अंतर्संबंध को प्रदर्शित है। इस मौके पर, नंदनी कुमारी, सुनीता सिन्हा, नीतू कुमारी, सोनू कुमार, डॉली कुमारी, दीक्षा रजनी, रिया रजनी आदि लोग उपस्थित थे।



# बहनों ने भाई के कलाई पर बांधी रक्षा की डोर

- **भाइयों ने पसंदीदा गिफ्ट देकर जीता उनका दिल**
- **डेढ़ साल की बहन ने भी अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी**

**देवेन्द्र कुमार सिंह। दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)।** भाई-बहनों के प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन शनिवार को देश-विदेश में उल्लास के साथ मनाया गया. बहनों ने भाई की लंबी आयु व स्वस्थ जीवन की कामना के साथ भाई के हाथों की कलाई पर राखी बांध कर मनपसंद मिठाईयां खिलाई. इससे पहले आरती उतार कर उनका तिलक किया. डेढ़ साल की बहन ने भी अपने भाई को राखी बांधी, जो इस त्योहार के महत्व और भाई-बहन के बीच के अटूट बंधन को दर्शाता है. भले ही वह छोटी है,



लेकिन उसने भी अपने भाई के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और उसके लिए दुआ की.

**परदेश में डिजीटल तरीके से बांधी गई राखी-** पढ़ाई, नौकरी, कोरोबार व अन्य कारणों से बड़ी संख्या में भाई-बहन एक दूसरे से दूर रहते हैं. कुछ बहनें भाई के पास पहुंची तो कुछ भाई बहनों के पास खुद राखी बंधवाने के लिए पहुंचे. वहीं जो बहनें किन्हीं कारणों से भाई के पास नहीं पहुंच पाई थीं. उन लोगों ने डाक/कुरियर से पहले ही भाई को राखी भेज दिया था. आज के दिन सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भाई-बहनों ने एक दूसरे से बात कर प्यार लुटाया. फेसबूक, इंस्टाग्राम, एक्स सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म रक्षा बंधन के संदेशों से पटा रहा. हैप्पी रक्षा बंधन, रक्षाबंधन की शुभकामनाएं, रक्षा बंधन 2025 की बधाई सहित अन्य रक्षा बंधन कोट्स लोगों ने जमकर पोस्ट व शेयर किया. वहीं देर शाम तक मिठाई व गिफ्ट के दूकानों पर भीड़ देखी गई. कई जगहों पर भाइयों के साथ चलकर मार्केट से अपना पसंदीदा गिफ्ट खरीदवाया. दूसरी ओर ऑन लाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म से भी दिन भर डिलीवरी पार्टनर गिफ्ट डिलीवर करते दिखे.



## संत समागम का हिस्सा बनने गुरु घराना से संतों एवं भक्तों का दल बखरी को रवाना

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** सिसवन प्रखंड के पावन धरा धाम बखरी के आनंदबाग स्थित संत शिरोमणि स्वामी जगन्नाथ दास महाप्रभु की समाधि स्थल पर आयोजित संत समागम एवं भंडारा में शामिल होने के लिए स्वामी जी के गुरु घराना सारीपट्टी ( रौनक नगर) एवं स्वामी जी जन्मस्थली रामपुर कोठी से संतों एवं भक्तों का जत्था शनिवार को साहेब बंदगी के उद्घोष के साथ रवाना हुआ। बताया जाता कि स्वामी जगन्नाथ दास महाप्रभु का जन्म भगवानपुर हाट प्रखंड के रामपुर कोठी गांव में हुआ था। जगन्नाथ दास का सर्वाधिक समय अपने गुरु संत स्वामी रौनक दास महाप्रभु के सेवा में उनके तप भूमि सारीपट्टी में उनके सानिध्य में बीता। गुरु के आदेश पर संत जगन्नाथ दास बखरी के आनंद बाग में रहकर तपस्या करने लगे। ज्ञात हो कि हर वर्ष सावन माह के पूर्णिमा को बखरी में संत समागम होता है। गुरु घराना स्वामी रौनक दास महाप्रभु के समाधि के पुजारी बृजेश दास भक्त विद्या उपाध्याय ने बताया कि सावन के पूर्णिमा एवं बसंतपंचमी के दिन सारीपट्टी ( रौनक नगर) में आयोजित संत समागम में शामिल होने वाला भाग्यशाली होता है। भक्तों का दल विभिन्न सवारी गाड़ियों से साहेब बंदगी के जय घोष करते प्रस्थान किए।

## असहयोगात्मक रवैया को ले नव दुर्गा एग्रो को किया जाएगा ब्लैकलिस्टेड

**सिवान।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति के तहत 10 अगस्त तक बिहार राज्य खाद्य निगम को सीएमआर आपूर्ति शत-प्रतिशत करने को लेकर सिवान सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड में सारण प्रमंडल के सहयोग समितियों के संयुक्त निबंधक सैयद मसरूक आलम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि हर हाल में रविवार तक शत-प्रतिशत चावल आपूर्ति करा ली जाए, अन्यथा कार्रवाई होनी निश्चित है। इस दौरान कई प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों ने बताया कि नव दुर्गा एग्रो के संचालक सह चंदौली-गंगौली पैक्स के प्रोपराइटर व जीरादेई व्यापार मंडल के अध्यक्ष धनंजय गुप्ता के लापरवाही एवं असहयोगात्मक रवैया के कारण समितियों का सीएमआर लंबित है। समीक्षा के उपरांत उक्त मिलर के व्यवहार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी सौरभ कुमार को निर्देश दिया गया कि मिलर के विरुद्ध खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संकल्प पत्र के आलोक में दंडात्मक कार्रवाई करते हुए काली सूची में दर्ज कराएं। वहीं दूसरी ओर राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंध को निर्देश दिया गया कि गोदाम में खड़े सीएमआर के ट्रकों को अतिशीघ्र खाली कराएं। साथ ही सीएमआर की अनलोडिंग के साथ इसकी सूचना भी पोर्टल पर ससमय कराएं।

समीक्षा के दौरान भगवानपुर हाट के प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि 10 अगस्त तक लंबित सीएमआर के विरुद्ध 10 लाट सीएमआर की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को कर दिया जाएगा। जबकि शेष पांच लाट की आपूर्ति निर्धारित अवधि तक नहीं हो पाएगी। इस पर बीसीडीओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

## बहनों की सुरक्षा ही भाई का असली व्रत - ई. प्रमोद कुमार मल्ल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को जीरादेई प्रखंड के भरौली पंचायत के पकवलिया के रविदास समाज के बीच भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आपन सिवान के संस्थापक ई. प्रमोद कुमार मल्ल, सर्वजीत राम के आवास पर पहुंचे और वहां मौजूद बहनों से राखी बंधवाकर इस पवित्र बंधन का सम्मान किया। बहनों ने उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और वेद मंत्रों की गूंज के बीच राखी बांधी। प्रमोद मल्ल ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि बहनों के सम्मान, सुरक्षा और खुशहाली का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से वचन लिया कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को सर्वोपरि रखा जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित बहनों को उन्होंने रक्षाबंधन का प्रसाद भी ग्रहण कराया। इस मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही है और माहौल पूरी तरह भाई-बहन के स्नेह में रंगा नजर आया। समारोह में रामदेव राम, तुलसी पंडित, राजकिशोर राम, रवींद्र राम, सुमित कुमार बैठा, गीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मैरवा - आभूषण दुकान का ताला तोड़कर तीन लाख का आभूषण चोरी

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड के राजेंद्र पार्क के निकट स्थित आभूषण दुकान का ताला तोड़ चोरों ने करीब तीन लाख के आभूषण की चोरी कर ली। साथ ही पड़ोसी दुकानदार के विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिए और फरार हो गए। यह घटना शुक्रवार की देर शाम की बताई जाती है। चोरों की संख्या तीन बताई जाती है। चोरी की घटना की जांच करने पहुंची पुलिस ने एक गोली बरामद की। बताते हैं कि राजेंद्र पार्क के पास स्थित लखीबाबू आभूषण दुकान के मालिक रवि कुमार शुक्रवार की देर शाम अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। करीब साढ़े तीन बजे पड़ोसी आलू प्याज दुकानदार ने फोन किया कि दुकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही वे अपनी दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान का आगे का चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। दुकान की तिजोरी का कई लाक तोड़ दिया गया था। दुकान के पीछे का गेट भी तोड़ दिया गया था। दुकानदार ने बताया कि करीब डेढ़ किलो चांदी के आभूषण व कुछ अन्य सामान चोरी कर ली गई। चोर तिजोरी तोड़ने में नाकाम रहे। कुल पांच लाख की क्षति का अनुमान है। दुकानदार के मुताबिक सूचना देने के तीन घंटे बाद पुलिस पहुंची।

## विधायक ने छह सड़कों का किया शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/गोरेयाकोठी (सिवान)।** स्थानीय भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नबीगंज प्रखंड में बनने वाली आधा दर्जन सड़कों की शुक्रवार की शाम आधारशिला रखी। शिलान्यास के साथ ही विधायक ने भोपतपुर गांव के काली स्थान पर गमाला पूजा में भी शामिल हुए। विधायक के निजी सहायक सोनू कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत 12 करोड़ 65 लाख 6220 रुपये की लागत से छह जगहों पर कुल 14.47 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। बनने वाली महत्वपूर्ण सड़कों में शहादीपट्टी, उज्जैना, गोपालपुर से उज्जैना, गोपालपुर, मुसेपुर, जगतपुर, महुआरी आदि गांव की सड़कें शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने की। इस मौके पर रंजीत प्रसाद, कालीचरण प्रजापति, रामकुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, विजय पांडेय आदि मौजूद थे।

## विधायक ने छह सड़कों का किया शिलान्यास

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** स्थानीय भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नबीगंज प्रखंड में बनने वाली आधा दर्जन सड़कों की शुक्रवार की शाम आधारशिला रखी। शिलान्यास के साथ ही विधायक ने भोपतपुर गांव के काली स्थान पर गमाला पूजा में भी शामिल हुए। विधायक के निजी सहायक सोनू कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत 12 करोड़ 65 लाख 6220 रुपये की लागत से छह जगहों पर कुल 14.47 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। बनने वाली महत्वपूर्ण सड़कों में शहादीपट्टी, उज्जैना, गोपालपुर से उज्जैना, गोपालपुर, मुसेपुर, जगतपुर, महुआरी आदि गांव की सड़कें शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने की। इस मौके पर रंजीत प्रसाद, कालीचरण प्रजापति, रामकुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, विजय पांडेय आदि मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर से दो युवक घायल

सिवान। नगर थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड में शनिवार की सुबह दो बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान पकड़ी निवासी मुन्ना साह व दिलीप कुमार के रूप में हुई है। घायल मुन्ना साह ने बताया कि हमदोनों एक बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे तभी सामने से आ रही बाइक ने धक्का मार दिया। जिससे हम दोनों घायल हो गए। धक्का मारने वाला ही हम दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# सीवान : मंडल कारा में बंद भाई की कलाई पर बहने बांधी राखी



**परवेज अख्तर/सीवान।** शनिवार को बहन भाई के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन मनाया गया। बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लीं। मंडल कारा में भी रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। जेल में बंद भाइयों की कलाइयों में राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में बहनें जेल पहुंचीं। काराधीक्षक देवाशीष कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कारागार में बंदियों को उनकी बहन राखी बांधी।रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बहनों एवं भाईयों के द्वारा कारा परिसर में उपस्थित होकर संसीमित बंदियों को रक्षा सूत्र में बांधा गया। इस विशेष आयोजन पर बहनों द्वारा भाइयों से अपनी कुसंस्कार को दान में देने हेतु अनुरोध किया गया। ससीमित बंदियों द्वारा बहनों को क्रोध ईर्ष्या इत्यादि प्रदान किया गया एवं अच्छे कर्म करने हेतु बहनो को वचन दिये। इस विशेष अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी रघुवेंद्र वर्मा, उपाधीक्षक दिनेश कुमार ठाकुर, सहायक अधीक्षक आदित्य पांडेय एवं कारा कर्मी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी और भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनीता जायसवाल द्वारा नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार व मुफस्सिल थानाध्यक्ष को राखी बांधी।वहीं उनके साथ पूनम गिरी, सोनी आदि शामिल थी।

# आंदर :अपराध की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार, जेल

**परवेज अख्तर/सीवान.** आंदर थाना क्षेत्र के मकसूदहा डीह स्थित अब्दुल हामिद डिग्री कालेज के समीप शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने अपराध की योजना बनाते पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो कट्टा, आठ गोली, तीन चाकू, छह मोबाइल, दो बाइक व 996 ग्राम गांजा बरामद की है। बताया जाता है कि मैरवा एसडीपीओ गौरी कुमारी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार, एसआइ मनीष कुमार, निरंजन कुमार, प्रवीण कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, हीरालाल यादव के सहयोग से गुप्त सूचना पर मकसूदहा डीह स्थित अब्दुल हामिद डिग्री कालेज के समीप छापेमारी कर पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सदर टू ने बताया कि गोपालगंज जिला के हथुआ थाना क्षेत्र के बरवा करपुरा निवासी चंदन राम ने 26 जुलाई की रात आंदर थाना में आवेदन देकर बताया था कि दरौली में कृषि समन्वयक के पद पर कार्यरत हूं। पुनरीक्षण कार्य के बाद 26 जुलाई की देर शाम अपनी बाइक से आंदर लौट रहा था। उसी दौरान बदमाशों ने जयजोर गांव से पीछा करते हुए आंदर उच्च विद्यालय के समीप रोक लिया तथा पिटाई कर बाइक, मोबाइल, पर्स और मतदाता सूची से संबंधित कागजात छीन ली थी। इस मामले में प्राथमिकी कांड सं. 238/25 की गई थी। गिरफ्तार बदमाशों में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के फरीदपुर निवासी निवासी रोहित कुमार साह, राहुल यादव, आंदर थाना के सुल्तानपुर तकिया निवासी आशिफ अली, आंदर निवासी आकाश कुमार चौधरी, गौरा निवासी निहाल कुमार सिंह शामिल हैं। गिरफ्तार बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के पड़री गांव में शनिवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। मृतक की पहचान पड़री निवासी रविभूषण उर्फ धनंजय शाही के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह रविभूषण उर्फ धनंजय शाही खेत की तरफ घूमने गए थे, जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटे तो स्वजन उनकी खोजबीन शुरू किए। इस दौरान स्वजन एक खेत में गिरे हुए मिले। स्वजन उन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। स्वजन घटना की सूचना थाना को दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। इस घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# जीरादेई : घटना के बाद रक्षाबंधन का त्यौहार मातम में हुआ तब्दील

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीरादेई थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव स्थित गैस गोदाम के समीप शुक्रवार की देर शाम रेस्टोरेंट संचालक विपेंद्र सिंह की चाकू भोगकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने एसडीपीओ मैरवा के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया है। जो कांड में शामिल बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। हालांकि शनिवार की देर शाम तक पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी थी। घटना के बाद रक्षाबंधन का त्यौहार मातम में तब्दील हो गया। स्वजनों का कहना था कि रक्षाबंधन को लेकर अपनी बहन को लेने उसके गांव रेपुरा जा रहा था। इसी बीच रास्ते में घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उसकी चाकू घोप कर निर्मम हत्या कर दिया। घटना के बाद जहां पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। वहीं रक्षाबंधन की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। बताया जाता है कि जीरादेई मुख्यालय में ही ग्रामीण बैंक के पास रेस्टोरेंट खोलकर अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। घटना के बाद जहां लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने बताया कि बदमाशों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। अभी तक घटना के कारणों का स्पष्ट कोई पता नहीं चल पाया है। वहीं कई लोग पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगा रहे हैं।एसडीपीओ गौरी कुमारी ने बताया कि पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। फिलहाल घटना स्थल पर एफएसएल टीम को बुलाया गया जो जांच की है। आगे की कार्रवाई के लिए स्वजनों के लिखित आवेदन का इंतजार है। समाचार प्रेषण तक मृतक के स्वजनों के तरफ से कोई आवेदन नही मिला था।

# दो दिवसीय संत समागम मेला शुरू, लाखों श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के बखरी गांव स्थित आनंदबाग व सुंदर बाग मठ में शनिवार से दो दिवसीय संत सम्मेलन व मेले का शुभारंभ हो गया। इस दौरान जगन्नाथ दास बाबा की पूजा के साथ ही बाबा के भक्तों द्वारा पूजा अर्चना शुरू कर दी गई। शुक्रवार की देर शाम तक हजारों श्रद्धालु बखरी व आसपास के गांवों में पहुंच चुके थे। मेले में विधि- व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता व एसडीपीओ अजय कुमार द्वारा 10 जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की है। यह मजिस्ट्रेट नौ व 10 अगस्त तक पालीवार आठ बजे सुबह से आठ बजे रात तक आनंद बाग मठ के प्रवेश द्वार, निकास द्वार, बखरी गांव से आने वाली सड़क, नवलपुर गांव से आने वाली सड़क, छितौली मेला, दाहा नदी पुल, आनंद बाग मठ के आसपास, सुंदर बाग के सामने बगीचा में मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी के साथ मौजूद रहेंगे। पूरे मेले क्षेत्र में पुलिस अधिकारी के साथ मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। इसके अलावा सिसवन के बीडीओ राजेश कुमार तथा सिसवन थानाध्यक्ष,चैनपुर थानाध्यक्ष को विधि-व्यवस्था का वरीय प्रभारी बनाया गया है।

संत सम्मेलन में बंगाल, झारखंड और दिल्ली के भी श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। सम्मेलन को लेकर मठ को भव्य तरीके से सजाया गया है। आसपास के लोगों में काफी उत्साह है।

# सीवान : त्योहारों के दौरान वापसी टिकट पर बीस प्रतिशत की छूट

**परवेज अख्तर/सीवान।** भारतीय रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा व भीड़भाड़ से बचने के लिए एक नई प्रायोगिक योजना राउंड ट्रिप पैकेज शुरू करने का निर्णय लिया है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि समान यात्रियों के समूह द्वारा आगे और वापसी यात्रा की बुकिंग पर बीस प्रतिशत की छूट केवल वापसी यात्रा के मूल किराए पर दी जाएगी। दोनों यात्राओं का यात्री विवरण समान होना अनिवार्य है। बताया कि अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) 13 अक्टूबर के लिए बुकिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। आगे की यात्रा 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच और वापसी यात्रा 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच बुक की जाएगी। वापसी यात्रा के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी। यह योजना केवल कन्फर्म टिकटों के लिए लागू होगी। बुकिंग दोनों दिशाओं में समान श्रेणी और मूल-गंतव्य (ओ-डी) जोड़ी के लिए होगी। टिकटों पर किराया वापसी या संशोधन की अनुमति नहीं होगी। बताया कि छूट, रेल यात्रा कूपन, वाउचर, पास या पीटीओ स्वीकार्य नहीं होंगे। दोनों यात्राओं की बुकिंग एक ही माध्यम आनलाइन या आरक्षण काउंटर से करनी होगी। चार्टिंग के दौरान अतिरिक्त किराया लागू होने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह योजना सभी श्रेणियों और ट्रेनों (विशेष ट्रेनों सहित) पर लागू होगी, सिवाय फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों को छोड़कर।

## संघमित्रा पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास मना रक्षाबंधन का पर्व

**सिवान।** शहर के मैरवा रोड स्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन अत्यंत हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। विद्यालय परिसर में ही कार्यक्रम की शुरुआत राखी बनाने की गतिविधि से हुई। इसमें बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां स्वयं तैयार की। इसके बाद राखी बांधने का मुख्य आयोजन हुआ, जहां छात्राओं ने अपने सहपाठियों की कलाई पर राखी बांधी और सभी ने एक-दूसरे की रक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प लिया।

शिक्षकगण भी इस अवसर पर बच्चों के साथ जुड़े और रक्षाबंधन के सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि यह पर्व केवल भाई-बहन तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में प्यार, विश्वास और एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। बच्चों ने इस दिन को अपने जीवन का यादगार पल बताया। रक्षाबंधन का यह उत्सव न केवल खुशी और उत्साह से भरा रहा, बल्कि विद्यार्थियों के मन में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाईचारे के प्रति गहरा सम्मान भी स्थापित कर गया। कार्यक्रम का संचालन व मार्गदर्शन प्राचार्या नवोनीता घोष ने किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन सुरक्षा और स्नेह का उत्सव है, जो हमें मानवीय संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है।

## सिटी मांटेसरी स्कूल में मना रक्षाबंधन का पर्व

सिवान। शहर के गांधी मैदान स्थित सिटी वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित सिटी मांटेसरी स्कूल में भाई-बहन के प्रेम और एकता के प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ आधुनिक उत्सवों का आनंद लिया। इस विशेष दिन की शुरुआत विद्यालय की विशेष सभा से हुई। इसमें प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह ने छात्र- छात्रों को रक्षाबंधन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक राखी बांधने का पर्व नहीं है, यह हमारे बीच के प्यार, सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक है। कक्षा कक्षों में छात्रों ने एक-दूसरे को राखियां बांधकर और मिठाइयां खिला प्रेम और एकता का संदेश दिया। कई छात्रों ने हाथ से बनी राखियां भी तैयार की थीं, जो उनके रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करती थीं। विद्यालय में एक छोटी सी रक्षाबंधन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को ÷भाई-बहन÷ के रूप में जोड़ा गया और राखियां बांधी गई। कार्यक्रम का समापन एक नृत्य और रक्षाबंधन के सांस्कृतिक महत्व पर आधारित लघु नाटक से हुआ। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय श्रीवास्तव, अरुणेश कुमार दुबे, उमेश राम, अनिल कुमार, पार्वती कुशवाहा एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिका मौजूद रहे।

## दरौली व सिसवन में सरयू नदी का जल स्तर खतरे के निशान को किया पार

**सिवान।** जिले के दक्षिणांचल क्षेत्र गुठनी, दरौली, रघुनाथपुर व सिसवन होकर गुजरने वाली सरयू नदी में जल स्तर का बढ़ना जारी है। शनिवार को सरयू नदी का जल स्तर सिसवन में भी खतरे को पार गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर दरौली में नदी का जल स्तर 61.05 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 60.82 मीटर निर्धारित किया गया है, यहां नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 0.23 मीटर अधिक है। वहीं सिसवन में नदी का जलस्तर 57.18 मीटर दर्ज किया गया, जबकि यहां खतरे का निशान 57.04 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात सिसवन में नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 0.14 मीटर ऊपर है। नदी के जल स्तर बढ़ने के साथ कटाव होने से किसानों में दहशत का माहौल है। गुठनी प्रखंड के सोहागरा, सोनहुला, पुरैना, धर्मपुर, श्रीकलपुर, गुठनी, योगियाडीह, हनुमानगंज, बलुआ और तीरबलुआ गांव में छोटी गंडक नदी भी उफना गई है। इससे सरयू एवं छोटी गंडक दोनों नदियां बांध के किनारे सट कर बह रही हैं। इससे गोगरा तटबंध पर दबाव बढ़ गया है। वहीं सरयू नदी के जलस्तर बढ़ने से ग्यासपुर में नदी के पानी से पूरा घाट जलमग्न हो गया है। साथ ही नदी किनारे के खेतों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। गुठनी के ग्यासपुर,पांडेयपार, मैरीटार और दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर, अमरपुर, केवटलिया, दुब्बा, नरौली समेत आंदर, रघुनाथपुर और सिसवन प्रखंड के निचले इलाकों के गांवों में बाढ़ का पानी घुसना शुरू हो गया है।

## सीवान :39 बेड के आधुनिक वाले पीकू वार्ड में इलाज शुरू

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला स्वास्थ्य समिति परिसर में दो करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित 39 बेड के आधुनिक प्रीफैब स्ट्रक्चर वाले पीकू वार्ड में शनिवार से मरीजों का इलाज विधिवत शुरू हो गया। इस नए वार्ड का उद्घाटन बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा चार अप्रैल को किया गया था। अधीक्षक डा. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वार्ड में डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, आवश्यक उपकरण, दवाइयां और अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। बताया कि सोमवार से शिशु रोग का ओपीडी भी इसी नवनिर्मित भवन में संचालित किया जाएगा। ओपीडी में इलाज करने वाले डाक्टर पीकू वार्ड में भर्ती मरीजों की देखभाल में भी सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि एसएनसीयू और पीकू वार्ड में एक ही डाक्टर बच्चों का इलाज करेंगे, जिससे विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। वार्ड के आईसीयू में पांच वेंटिलेटर स्थापित किए गए हैं, जो गंभीर स्थिति वाले बच्चों के लिए जीवन रक्षक साबित होंगे।

## अनियंत्रित बोलेरो ने अधेड़ को कुचला, मौत

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिसवन- रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर सिसवन स्थित पीसी वर्मा कालेज के समीप शनिवार की दोपहर एक अनियंत्रित बोलेरो ने अधेड़ व्यक्ति को कुचल दिया इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान गंगपुर निवासी वैद्यनाथ यादव (55) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वैद्यनाथ यादव मवेशी के लिए चारा लेकर घर लौट रहे थे। तभी एक अनियंत्रित बोलेरो ने कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि ग्रामीण उन्हें इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## चारा खिलाने गए वृद्ध पर हमला

**सिवान** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में शनिवार को गाय को चारा खिलाने गए एक वृद्ध को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घायल की पहचान गांव निवासी श्याम बिहारी सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि मैं गाय चराने के लिए चंवर में गया हुआ था। वापस लौटने के क्रम में कड़सर के रहने वाले एक व्यक्ति ने अचानक लाठी डंडे से हमला कर मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर इसकी सूचना स्वजनों को दी। स्वजन इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

## धान में खाद डालने गई युवती को कुत्ता ने काटा, गंभीर

**सिवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के सिसई गांव में धान में खाद डालने गई एक युवती को कुत्ता ने काट लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान उक्त गांव निवासी ममता कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि ममता शुक्रवार की संध्या धान में खाद डालने के लिए खेत में गई थी, वह खेत से वापस घर लौट रही थी, इसी दौरान एक कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया और उसे काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीण ने बीच बचाव कर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## भूमि विवाद में मारपीट

सिवान। महराजगंज थाना क्षेत्र के बैरागी टोला गांव में भूमि विवाद को लेकर दंपती को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों की पहचान मीना देवी और उसके पति मनकेश्वर राय के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मीना देवी ने बताया कि दस धुर भूमि का विवाद पड़ोसी से चल रहा है। विरोधियों ने एक साजिश के तहत हम लोगों पर हमला कर दिए और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

